# कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ एवं सैनिक स्कूल, गोरखपुर, उ0 प्र0

## प्रवेश परीक्षा 2025–2026

## सामान्य दिशा निर्देश

### कृपया आवेदन पत्र भरने के पूर्व निम्न दिशा निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़े।

1. कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ एवं सैनिक स्कूल, गोरखपुर उ0 प्र0 माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में संचालित उ0 प्र0 सैनिक स्कूल्स सोसायटी के अधीन हैं। इन विद्यालयों का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अधिकारी पद हेतु राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन0 डी0 ए0) में प्रवेश के लिए उत्तर प्रदेश के चुने हुए छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। दोनों विद्यालय सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्ध, अंग्रेजी माध्यम के विशिष्ट आवासीय विद्यालय हैं।

2. पात्रता :

(क) अभ्यर्थी एवं उसके पिता को उ0प्र0 का मूल निवासी होना आवश्यक है।

(ख) जन्म तिथिः शैक्षिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु विद्यालय की लिखित प्रवेश परीक्षा जो कि 29 दिसम्बर 2024 को सम्पन्न होगी, के लिए केवल वे ही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनका जन्म निम्न तिथियों के मध्य हुआ हो :–

**(i) कक्षा 6 हेतु : 02 जुलाई 2013 से 01 जनवरी 2016** (दोनों तिथियाँ सम्मिलित)

**(ii) कक्षा 9 हेतु : 02 जुलाई 2010 से 01 जनवरी 2013** (दोनों तिथियाँ सम्मिलित)

(ग) कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश हेतु आवेदन करते समय निम्न तथ्यों का ध्यान रखें :

| | | |
|---|---|---|
| **उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ** | **कक्षा 6 (केवल बालक)** | **कक्षा 9 (बालक एवं बालिका)** |
| **सैनिक स्कूल, गोरखपुर, उ0 प्र0** | **कक्षा 6 (बालक एवं बालिका)** | **कक्षा 9 (बालक एवं बालिका)** |

(घ) 20 मई 2025 तक किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश हेतु क्रमशः कक्षा 5 एवं 8 पास होना अनिवार्य है।

3. आरक्षण : कुल रिक्त स्थानों में 10% आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS-GEN), 27% अन्य पिछड़ा वर्ग, 21% अनुसूचित जाति एवं 02% अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का प्राविधान है। **उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ में कक्षा 9 में बालकों हेतु केवल स्ववित्तपोषित स्थान रिक्त हैं।** विमुक्त जाति को अनुसूचित जन जाति का लाभ नहीं मिलेगा।

4. लिखित परीक्षा : विद्यालय में प्रवेश केवल OMR आधारित (बहुविकल्पीय) प्रतियोगी लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है।

5. **साक्षात्कार एवं परिणाम** :– लिखित परीक्षा की वरीयता सूची के आधार पर साक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थी अपना मेडिकल परीक्षण विद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर किसी भी जिला अस्पताल या कमांड अस्पताल से कराकर नियत तिथि पर विद्यालय में उपस्थित होंगे। अंतिम वरीयता सूची लिखित परीक्षा, मेडिकल, साक्षात्कार एवं आरक्षण नियमों का पालन करते हुए बनायी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की सूची विद्यालय की वेबसाइट www.upsainikschool.org पर उपलब्ध होगी।

6. परीक्षा केन्द्र : आगरा, अयोध्या, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी एवं लखनऊ। अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में तीन परीक्षा केन्द्रों का विकल्प देना अनिवार्य होगा। परीक्षा केन्द्र के निर्धारण का पूर्ण अधिकार विद्यालय का है एवं विशेष परिस्थितियों में यह आवेदक द्वारा दिये गये तीन विकल्पों से अतिरिक्त भी हो सकता है। इस संबंध में आवेदक का किसी भी प्रकार का निवेदन अथवा सिफारिश स्वीकार नहीं की जाएगी।

7. आवेदन पत्र भरने की तिथि : आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट **www.upsainikschool.org** पर दिनांक 10 सितम्बर 2024 से 25 अक्टूबर 2024 तक सामान्य शुल्क रु0 1000/– के साथ एवं दिनांक 26 अक्टूबर 2024 से 05 नवम्बर 2024 तक विलम्ब शुल्क सहित रु0 2000/– के साथ ऑनलाइन भरे जा सकेंगे। **आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन ही भरे जा सकेंगे। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगें।**

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया में प्रमुख चरण इस प्रकार हैं:–

| | |
|---|---|
| पंजीकरण | – अभ्यर्थी का पंजीकरण एवं लॉग–इन आई0डी0 / पासवर्ड प्राप्त करना। |
| आवेदन पत्र | – अभ्यर्थी का अपने लॉग–इन आई.डी. एवं पॉसवर्ड के माध्यम से लॉग–इन कर आवेदन पत्र का भरा जाना जिसमें आवेदक अपनी निर्धारित जानकारी के साथ अपनी नवीनतम फोटो एवं हस्ताक्षर (फाइल टाइप .jpg या .jpeg तथा उसका साइज 20 KB से 100 KB होना चाहिए) अपलोड करना। |
| आवेदन शुल्क | – अभ्यर्थी का निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करना। बैंक ट्रांजेक्शन शुल्क अलग से देय होगा। |
| आवेदन पत्र का मुद्रण | – आवेदन शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात आवेदक अपने आवेदन पत्र का प्रिंट निकाल कर अपने पास सुरक्षित रखना। |
| करेक्शन विंडो | –दिनांक 08 नवम्बर 2024 से 10 नवम्बर 2024 (1700 बजे) तक आवेदक अपने नाम, कक्षा, मोबाइल संख्या एवं ईमेल आईडी के अतिरिक्त अन्य विवरण में सुधार या परिवर्तन कर सकते हैं। |
| प्रवेश पत्र | – दिनांक 05 दिसम्बर 2024 के पश्चात प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट उपलब्ध होगा। |
| परीक्षा परिणाम | – आवेदक अपना परीक्षा परिणाम विद्यायल की बेबसाइट पर देख सकते हैं। |

- **आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।** अभ्यर्थी पूर्ण आवेदन पत्र का प्रिंट आउट भविष्य में उपयोग हेतु अपने पास सुरक्षित रखे। आवेदक द्वारा जो भी सूचना या तथ्य आवेदन पत्र में भरी जाएगी उसमें आवेदन शुल्क जमा होने के पश्चात कोई भी परिवर्तन संभव नहीं होगा (करेक्शन विंडो के समय के अतिरिक्त)। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए अभिभावक जिम्मेदार होंगे।
- दिनांक 05 दिसम्बर 2024 के पश्चात **प्रवेश पत्र** विद्यालय की **वेबसाइट से अभ्यर्थी अपने लॉग–इन आई.डी. एवं पॉसवर्ड के माध्यम से लॉग–इन कर डाउनलोड / प्रिंट** कर सकेंगे। ध्यान रहे कि आवेदन करते समय जो नवीनतम फोटो अपलोड की गई है वही फोटो प्रवेश पत्र में निर्धारित स्थान पर चस्पा करनी है।

**नोट** – कृपया आवेदन पत्र शीघ्र भरें ताकि अंतिम दिनों में नेटवर्क ट्रैफिक अधिकता के कारण होने वाली असुविधा से बचा जा सके।

| | | |
|---|---|---|
| 8. | आवेदन शुल्क रु0 1000 / – | |
| | पंजीकरण एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथिः | **25 अक्टूबर 2024 (1700 बजे तक)** |
| | विलम्ब शुल्क सहित रु0 2000 / – के साथ अन्तिम तिथिः | **05 नवम्बर 2024 (1700 बजे तक)** |
| 9. | प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथिः | **29 दिसम्बर 2024 (रविवार)** |
| 10. | मेडिकल परीक्षण एवं साक्षात्कार की सम्भावित तिथिः | **10 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक** |
| 11. | अंतिम परीक्षा परिणाम की सम्भावित तिथि : | **15 मार्च से 20 मार्च 2024 के मध्य** |

12. स्कूल फीस : सामान्य शुल्क रु0 50,000 / –(रुपये पचास हजार मात्र) प्रति वर्ष (अन्य विविध शुल्क अतिरिक्त)। स्कूल फीस में बढ़ोत्तरी सम्भावित है।

13. साक्षात्कार के समय निम्न प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं मूल रूप में परीक्षण हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:

(क) अभ्यर्थी का मूल निवास प्रमाण पत्र जो कि जिलाधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हो।

(ख) अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र जो कि शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

(ग) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र

14. **<u>प्रवेश के समय निम्न प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगाः</u>**

(क) स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की प्रतिहस्ताक्षरित मूल प्रति एवं PEN (Permanent Education Number)

(ख) अभ्यर्थी का मूल निवास प्रमाण पत्र जो कि जिलाधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हो, की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति।

(ग) अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र जो कि शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति

(घ) अनुबन्ध पत्र रु0 100/– के नानजुडिसियल स्टैम्प पेपर पर

(ड) इन्डेम्निटी बांड रु0 50/– के नानजुडिसियल स्टैम्प पेपर पर

(च) एफीडेबिट रु0 10/– के नानजुडिसियल स्टैम्प पेपर पर

(छ) सक्षम अधिकारी जैसे कि नगर निगम/नगर पालिका/जिला पंचायत अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति

(ज) अभ्यर्थी के आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

(झ) कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश हेतु क्रमशः कक्षा 5 एवं 8 पास की अंक तालिका की मूल प्रति

<u>महत्वपूर्ण दिशानिर्देशः</u>

(क) आवेदक आवेदन फार्म में अपना मोबाइल नम्बर, व्हाट्सएप नम्बर, ईमेल एवं पत्राचार का पता ध्यानपूर्वक भरें ताकि विद्यालय द्वारा प्रेषित सूचना उन्हें समय से प्राप्त हो सके।

(ख) आवेदक द्वारा जो भी सूचना या तथ्य आवेदन पत्र में भरी जाएगी उसमें आवेदन शुल्क जमा होने के पश्चात कोई भी परिवर्तन संभव नहीं होगा (करेक्शन विंडो के समय के अतिरिक्त)।

(ग) आवेदन पत्र की प्रिंटेड प्रति या शुल्क जमा की रसीद विद्यालय को प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है।

(घ) आवेदन पत्र वांछित योग्यता को ध्यान में रखकर भरना है। अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के अलावा विद्यालय (जिसमें अध्ययनरत है) द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र अथवा बोनाफाइड सर्टिफिकेट साथ में लाना अनिवार्य होगा। उक्त के प्रस्तुत न करने पर या मिलान न होने पर अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित रहेगा। **ऐसी स्थिति में आवेदन शुल्क वापस नही होगा।** प्रवेश पत्र में दो भाग (अभ्यर्थी प्रति एवं विद्यालय कार्यालय प्रति) होगें जिसका एक भाग परीक्षा समाप्त होने पर कक्ष निरीक्षक को देना अनिवार्य होगा।

(ड़) आवेदक फार्म में सभी सूचनाएं एवं तथ्य ध्यानपूर्वक भरें। यदि किसी भी समय कोई भी सूचना असत्य या परिवर्तित पायी जाती है तो आवेदक का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

(च) प्रवेश के समय मूल प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया जाएगा। कोई सूचना असत्य पाए जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा एवं उसके अभिभावक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

(छ) आवेदन पत्र भरते समय आवेदक द्वारा जो भी जन्मतिथि प्रवेश हेतु भरी जाएगी, उसमें कोई भी परिवर्तन नहीं होगा। जन्म प्रमाण पत्र या टी0सी0 में अन्तर पाए जाने पर प्रवेश निरस्त हो जाएगा।

**<u>नोटः</u>** केवल पंजीकरण एवं शुल्क संबंधी जानकारी के लिए विद्यालय के दूरभाष संख्या 7052777795 पर किसी भी कार्य दिवस पर पूर्वान्ह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र के प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कर्नल राजेश राघव
प्रधानाचार्य
कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय
उ0प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ